प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:00बजे

प्रधानमंत्री – शताब्दी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद– आई.सी.ए.आर. पूसा में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित करेंगे व खाद्य तथा शांति के लिए पहला एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। सम्मेलन का विषय है– "सदाबहार क्रांति, जैव–सुख का मार्ग", जो सभी के लिए भोजन सुनिश्चित करने की दिशा में प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के आजीवन समर्पण को दर्शाता है।

राष्ट्रपति–हथकरघा दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वस्त्र मंत्रालय के इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जीवंत हथकरघा क्षेत्र और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक पहचान में इसके योगदान को सम्मानित करना है। देश भर से लगभग छह सौ पचास बुनकर, विदेशी खरीदार, प्रतिष्ठित व्यक्ति, निर्यातक और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी इस समारोह में भाग लेंगे। समारोह में इस क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट बुनकरों को संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हुए हैं। लगातार हो रही मानसून की वर्षा से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की सी मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है। प्रदेश में मौसम की स्थिति की विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में।

मानसून की वर्षा प्रदेश के लोगों के लिए लगातार परेशानी का सबब बनी हुई है। बीती रात शिमला जिला के रामपुर के दरशाल में बादल फटने से तकलेच बाजार के नाले में बाढ़ आने का समाचार है। हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन एहतियातन आसपास के घरों को खाली करवा दिया गया है। मानसून की वर्षा से सर्वाधिक मंडी जिला में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। वर्षा जनित घटनाओं में जिले में अब तक 42 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 27 लोग अभी भी लापता हैं। वहीं प्रदेशभर में ये आंकड़ा एक सौ 99 तक पहुंच गया है जबकि 36 लोग लापता हैं। लगातार हो रही वर्षा से प्रदेश के पर्यटन को भी खासी मार पड़ी है और निगम के होटलों में विशेष छूट के बाद भी सैलानियों की आमद बहुत कम है।

आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से पुष्पा ठाकुर।

राजीव बिंदल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि आपदा के इस दौर में प्रदेश सरकार दया और सेवा भाव से विपरीत अमानवीय कृत्य करने पर उतारू हो गई है। मंडी में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला में आई आपदा पर सरकार की पहली प्राथमिकता राहत पहुंचाने की होनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने आपदा प्रभावितों पर राहत के बजाय थाने के चक्कर लगवाने का निंदनीय कार्य किया है जिसकी भाजपा कड़े शब्दों में निंदा करती है।

हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार जो श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के नेतृत्व में चल रही है वो दया के भाव के विपरीत अमानवीय कृत्य के उपर उतारू है। जहां राहत का सवाल था, राहत देने के बजाए 60 से अधिक लोगों के उपर तीन प्रकार के मुकद्दमे और भारतीय जनता पार्टी इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश में लोगों की स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। सोलन जिला के परवाणु स्थित ई.एस. आई अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक–एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विकसित किया जा रहा है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है सुप्रीम कोर्ट ने फोरलेन प्रभावितों को चार गुना मुआवजा देने पर लगाई रोक–हिमाचल सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की है एसएलपी।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है सीएम सुक्खू ने अध्यक्ष पद के लिए हाईकमान को दी अपनी सहमति–डीओ नोट भेजकर कहा–किसी मंत्री या अनुसूचित वर्ग के नेता को बनाया जाए कांग्रेस अध्यक्ष।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है हिमाचल में मानसून का कहर, 7 की मौत, कुल्लू के निरमंड में मलबे में दबीं गाड़ियां जबकि आपका फैसला के मुताबित हिमाचल में बारिश से कई जगह तबाही।